(5)

सं० प-1904/15-7-86(1)36(1)/20..

प्रेषक,

श्याम सुन्दर अग्निहोत्री,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

सचिव,
केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद,
शिक्षा केन्द्र-2, सामुदायिक केन्द्र,
प्रीत विहार नई दिल्ली ।

शिक्षा (7) अनुभाग      लखनऊ: दिनांक: ~~अगस्त~~ 07 सितम्बर, 2000

विषय:- मदर इण्डिया पब्लिक स्कूल नन्दग्राम गाजियाबाद को सी०बी०एस०ई० नई दिल्ली से संबद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र दिये जाने के संबंध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मदर इण्डिया पब्लिक नन्दग्राम गाजियाबाद को सी०बी०एस०ई० नई दिल्ली से संबद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र दिये जाने में इस राज्य सरकार को निम्नलिखित प्रतिबंधों के अधीन आपत्ति नहीं है :-

(1) विद्यालय की पंजीकृत सोसायटी का समय-समय पर नवीनीकरण कराया जायेगा ।

(2) विद्यालय की प्रबंध समिति में शिक्षा निदेशक द्वारा नामित एक सदस्य होगा ।

(3) विद्यालय में कम से कम 10 प्रतिशत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के बच्चों के लिए सुरक्षित रहेंगे और उनसे उ०प्र० माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों में विभिन्न कक्षाओं के लिये निर्धारित शुल्क से अधिक शुल्क नहीं लिया जायेगा ।

(4) संस्था द्वारा राज्य सरकार से किसी अनुदान की मांग नहीं की जायेगी और यदि पूर्व में विद्यालय माध्यमिक शिक्षा परिषद अथवा बेसिक शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त है तथा विद्यालय की संबद्धता केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद नई दिल्ली से प्राप्त होती है तो उस परीक्षा वर्ष से उक्त केन्द्रीय परिषदों की संबद्धता प्राप्त होने की तिथि से उ०प्र० माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा प्रदत्त मान्यता तथा राज्य सरकार से प्राप्त अनुदान स्वतः समाप्त हो जायेंगे ।

(5) संस्था शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को राजकीय सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं के कर्मचारियों को अनुमन्य वेतनमानों तथा अन्य भत्तों से कम वेतनमान तथा अन्य भत्ते नहीं दिये जायेंगे ।

(6) कर्मचारियों की सेवा शर्तें बनायी जायेंगी और उन्हें सहायता प्राप्त अशासकीय उ०मा० विद्यालयों के कर्मचारियों को अनुमन्य सेवा निवृत्ति का लाभ उपलब्ध कराये जायेंगे ।

---2/

(7) राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर जो भी आदेश निर्गत किये जायेंगे संस्था उनका पालन करेगी ।

(8) विद्यालय का रिकार्ड निर्धारित प्रपत्र/पंजिकाओं में रखा जायेगा ।

(9) उक्त शर्तों में राज्य सरकार के पूर्वानुमोदन के बिना कोई परिवर्तन/संशोधन या परिवर्धन नहीं किया जायेगा ।

2- उक्त प्रतिबंधों का पालन करना संस्था के लिये अनिवार्य होगा और यदि किसी समय यह पाया जाता है कि संस्था द्वारा उक्त प्रतिबंधों का पालन नहीं किया जा रहा है अथवा पालन करने में किसी भी प्रकार की चूक या शिथिलता बरती जा रही है तो राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त अनापत्ति प्रमाण पत्र वापस ले लिया जायेगा।

भवदीय,

(श्याम सुन्दर अग्निहोत्री)
संयुक्त सचिव ।

पृ०सं०-1904(1)/15-7-तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।
2- मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, मेरठ ।
3- जिला विद्यालय निरीक्षक, गाजियाबाद ।
4- सह निरीक्षक आंग्ल भारतीय विद्यालय उ०प्र०, लखनऊ ।
5- प्रबंधक, मार्र इण्डिया पब्लिक स्कूल नन्दग्राम गाजियाबाद ।
6- गार्ड बुक ।

आज्ञा से,

(श्याम सुन्दर अग्निहोत्री)
संयुक्त सचिव ।

# कार्यालय– जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गाजियाबाद।

पत्रांक / मान्यता / शि0स0 / 5846 / 2023–24 दिनांक 28/11/2023

प्रबन्धक,

मदर इण्डिया प0जू0हा0 स्कूल,

जलालपुर शोभापुर रोड मुरादनगर गाजियाबाद।

---

आप द्वारा अपने पत्र दिनांक 30–11–2023 द्वारा विघालय की मान्यता को स्थायी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं। अभिलेखों के अनुसार विघालय को से कक्षा–06 से कक्षा–8 तक माध्यम हिन्दी की मान्यता अस्थायी रूप से इस कार्यालय के पत्रांक मान्यता –शि0 सं0 /7271–73/2013–14 दिनांक 18–01–2014 द्वारा प्रदान की गई थी।

सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारी गाजियाबाद की संस्तुति के आधार पर **शासनादेश संख्या– 89/अरसठ–3–2018–2041 दिनांक** ***11–01–2019 एवं शासनादेश सख्या –196/अडसठ–3–2020 –2041/2018 दिनांक 29 जून 2020*** द्वारा किये गये संशोधन आदेश में दी गई व्यवस्था के अनुसार मान्यता की नवीन शर्ते पूर्ण करने तथा विघालय के विरूद्ध कोई शिकायत न होने के कारण विघालय को दी गई मान्यता स्थायी की जाती हैं। विघालय को भविष्य में भी स्थायी मान्यता की शर्तो के मानक को बनाये रखना होगा अन्यथा विघालय की मान्यता के प्रत्याहरण की कार्यवाही की जायेगी।

( ओमप्रकाश यादव )
**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**
**गाजियाबाद।**

**पृ0 सं0/शि0स0/ / 2023–24 तद्रदिनांक**

**प्रतिलिपि–** सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारी गाजियाबाद को सूचनार्थ प्रेषित।

**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**
**गाजियाबाद।**